# कुमाऊँ विश्वविद्यालय,नैनीताल।
## KUMAUN UNIVERSITY, NAINITAL (UTTARAKHAND)

पत्रांक - आर0 ओ0/डी0आई0सी0/2023/1130 दिनांक - 23.12.2023

**सूचना (बी0 एड0 प्रवेश परीक्षा - द्वितीय काउन्सिलिंग)**

शैक्षणिक सत्र 2023-24 के बी0 एड0 पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु प्रथम चरण की काउन्सिलिंग के उपरान्त रिक्त सीटों पर परिसर/महाविद्यालय/संस्थान का आवंटन मेरिट (Merit) के आधार पर विश्वविद्यालय की वैबसाईट www.kunainital.ac.in के माध्यम द्वितीय चरण की ऑनलाईन काउन्सिलिंग के द्वारा सम्पादित किया जायेगा। द्वितीय चरण की ऑनलाईन काउन्सिलिंग हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश -

1. कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल द्वारा संचालित "बी0 एड0 प्रवेश परीक्षा-2023" में सम्मिलित होने से अभ्यर्थी उन सभी नियमों, प्रतिबन्धों से आबद्ध हो जाता है जो विवरण-पुस्तिका में विभिन्न स्थानों पर दिये गये हैं या जिन्हें समय-समय पर विश्वविद्यालय परिवर्तित करे या लागू करे।
2. ऑनलाईन काउन्सिलिंग हेतु केवल वे ही अभ्यर्थी अर्ह होंगे जिन्होंने कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल द्वारा आयोजित बी0 एड0 प्रवेश परीक्षा-2023 उत्तीर्ण की है।
3. **आर्नलाईन काउन्सिलिंग हेतु विभिन्न चरण** (Steps for online Counselling) -

| | |
|---|---|
| प्रथम चरण - (Counselling Fee) | ऑनलाईन काउन्सिलिंग में प्रतिभाग करने हेतु 525.00 शुल्क ऑनलाईन माध्यम से जमा किया जाना होगा। शुल्क जमा करने के उपरान्त ही अभ्यर्थी परिसर/महाविद्यालय/संस्थान का वरीयता क्रम के आधार पर चयन कर पायेगा। जिन विद्यार्थियों द्वारा प्रथम चरण की काउन्सिलिंग हेतु शुल्क जमा कर दिया गया है उन्हें दोबारा शुल्क जमा करने की आवश्यकता नहीं है। |
| द्वितीय चरण - (Choice Filling) | **विद्यार्थियों द्वारा प्रथम चरण की काउन्सिलिंग में दी गयी परिसर/महाविद्यालय/संस्थानों की वरीयता मान्य नहीं होगीं द्वितीय काउन्सिलिंग हेतु समस्त अभ्यर्थियों को वरीयता क्रम में परिसर/महाविद्यालय/संस्थान का पुनः चयन करना होगा।** अभ्यर्थियों को सचेत किया जाता है कि वरीयता क्रम के चयन के उपरान्त अभ्यर्थी को चयनित वरीयताओं का पूर्वालोकन (Preview) करना होगा। तद्योपरान्त सन्तुष्ट होने की दशा में ही वरीयताओं को लॉक (Final Submit & Lock) करना होगा। एक बार वरीयता लॉक करने के उपरान्त वरीयता/वरीयता क्रम में परिवर्तन किया जाना सम्भव नहीं होगा। |

4. अभ्यर्थी ऑनलाईन काउन्सिलिंग में प्रतिभाग करने हेतु ऑनलाईन माध्यम से शुल्क व वरीयता का चयन किये जाने की अवधि दिनांक 23.12.2023 से 30.12.2023 तक है। अन्तिम तिथि दिनांक 30.12.2023 के उपरान्त वरीयता का चयन किया जाना सम्भव नहीं होगा।
5. **परिसर/महाविद्यालय/संस्थान का आवंटन** - अभ्यर्थी को परिसर/महाविद्यालय/संस्थान का आवंटन उसके द्वारा दी गयी वरीयता क्रम एवं योग्यता सूची (Merit List) के आधार पर किया जायेगा। विद्यार्थी द्वारा दी गयी प्रथम वरीयता में सीट उपलब्ध न होने की स्थिति में विद्यार्थी द्वारा प्रदत्त अगली वरीयता को तद्नुरूप परिसर/महाविद्यालय/संस्थान आवंटन हेतु लिया जायेगा।
6. **आवंटित परिसर/महाविद्यालय/संस्थान की सूचना** - अभ्यर्थी को उसको आवंटित परिसर/महाविद्यालय/संस्थान की सूचना (Call Letter) वैबसाईट के माध्यम से ही प्रदान की जायेगी जिसे अभ्यर्थी द्वारा स्वयं वैबसाईट से डाउनलोड किया जाना होगा। अन्य किसी भी माध्यम से Call Letter प्रेषित किया जाना सम्भव नहीं होगा।

(दिनेश चन्द्रा)
कुलसचिव

पृष्ठांकन सं0 - आर0 ओ0/डी0आई0सी0/2023/1130 तद्दिनांक

प्रतिलिपि- निम्नांकित समाचार पत्रों के सम्पादकों को इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को अपने प्रतिष्ठित समाचार पत्र के उत्तराखण्ड संस्करण में छात्रहित एवं जनहित में समाचार के रूप में दिनांक - 24.12.2023 को निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें -

- दैनिक जागरण, नैनीताल।
- अमर उजाला, नैनीताल।
- हिन्दुस्तान, नैनीताल।
- दैनिक आज, नैनीताल।
- राष्ट्रीय सहारा, नैनीताल।
- उत्तरांचल दीप, नैनीताल।
- उत्तर उजाला, नैनीताल।
- शाह टाइम्स, नैनीताल।
- न्यूज प्रिन्ट, नैनीताल।

प्रतिलिपि - निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित -

- प्राचार्य/निदेशक, समस्त परिसर/महाविद्यालय/संस्थान, सम्बद्ध कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया उपरोक्त सूचना को अपने स्तर से प्रचारित एवं प्रसारित करने का कष्ट करें।
- निजी सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।

(दिनेश चन्द्रा)
कुलसचिव